रजिस्टर्ड/सील्ड

उत्तर प्रदेश शासन

कारागार प्रशासन एवं सुधार अनुभाग-2

संख्या-945/2025/667/22-2-2023-17(985)/2019

लखनऊ: दिनांक: 31 जुलाई, 2025

आदेश

उत्तर प्रदेश के श्री राज्यपाल, भारत का संविधान के अनुच्छेद-161 के अधीन शक्तियों का प्रयोग करते हुए केन्द्रीय कारागार, वाराणसी में निरूद्ध सिद्धदोष बन्दी मुनीन्द्र कुमार शुक्ला (बन्दी सं0-390/2016) पुत्र श्री स्व0 रामचन्द्र शुक्ला, जो ग्राम-बबना, थाना-नवाबगंज, जिला-फर्रूखाबाद हाल पता-जिला कारागार आवासीय परिसर कालोनी कानपुर नगर, थाना-कोतवाली कानपुर, जनपद-कानपुर नगर का निवासी है, जिन्हें सत्र परीक्षण संख्या-09/2004 में भा0द0वि0 की धारा-147, 148, 302/149, 504 के अन्तर्गत मा0 न्यायालय, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, कोर्ट सं0-06, कानपुर नगर के दण्डादेश दिनांक 16.12.2005 द्वारा आजीवन कारावास के सजा से दण्डित किया गया। बंदी द्वारा दिनांक 12.09.2022 तक 18 वर्ष, 10 माह, 23 दिन की अपरिहार सजा तथा 23 वर्ष, 07 माह, 11 दिन की सपरिहार भोगी गयी है, संतोषजनक जेल आचरण, जिला मजिस्ट्रेट द्वारा समयपूर्व रिहाई की संस्तुति किये जाने तथा दयायाचिका समिति द्वारा की गयी संस्तुति के दृष्टिगत शेष सजा का परिहार करते है तथा यह आदेश देते हैं कि यदि उक्त बंदी को किसी अन्य वाद में निरूद्ध रखा जाना वांछित न हो तो उसे अपनी शेष दण्डावधि में शान्ति व्यवस्था बनाये रखने के लिये जिला मजिस्ट्रेट, फर्रूखाबाद के संतोषानुसार दो जमानतें तथा उतनी ही धनराशि का एक जाती मुचलका प्रस्तुत करने पर बन्दी को कारागार से मुक्त कर दिया जाय।

सूर्य प्रकाश मिश्र

उप सचिव।

संख्या-945/2025/667(1)/22-2-2023-17(985)/2019 तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- पुलिस महानिदेशक/महानिरीक्षक, कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवायें, उ0प्र0 लखनऊ।
2- जिला मजिस्ट्रेट, फर्रूखाबाद/कानपुर नगर।
3- पुलिस अधीक्षक, फर्रूखाबाद / पुलिस आयुक्त, कानपुर नगर।
4- वरिष्ठ अधीक्षक, केन्द्रीय कारागार, वाराणसी।
5- निजी सचिव, मा0 मंत्री, कारागार प्रशासन एवं सुधार विभाग, उ0प्र0 को मा0 मंत्री जी के सूचनार्थ।
6- निजी सचिव, मा0 राज्यमंत्री, कारागार प्रशासन एवं सुधार विभाग, उ0प्र0 को मा0 मंत्री जी के सूचनार्थ।
7- कारागार प्रशासन एवं सुधार अनुभाग-3, उ0प्र0 शासन।
8- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

ममता श्रीवास्तव

अनु सचिव।

1. यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है।

http://shasanadesh.up.gov.in